## खबर संक्षेप



### सूने घर से ताला तोड़ 80 हजार के जेवरात किये पार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सूने मकान में चोरो ने हाथ साफ किया। बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे करीब 80 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र कुमार मोगेरिया निवासी ट्रांसपोर्ट नगर ने 4 जनवरी को दोपहर ढाई बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि वह 25 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 के बीच अपने घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 331(4), 305(ए) में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और संदिग्धों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है। आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के रहवासी दहशत में हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### गंदगी फैलाने एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने पर 2200 रूपए का जुर्माना

**कटनी।** सोमवार को नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नेहरू वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर 3 प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा गंदगी फैलाने, स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने पर 1600 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। वहीं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले 2 प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध 600 रुपये के जुर्माने की कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ स्थानों पर खुले में कचरा फेंकने, दुकानों के सामने गंदगी फैलाने तथा निर्धारित कचरा संग्रहण व्यवस्था का पालन नहीं किया जा रहा था। ऐसे मामलों में संबंधितों पर नगर निगम अधिनियम एवं स्वच्छता उप विधियों के अंतर्गत तत्काल स्पॉट फाइन आरोपित किया गया। नियमों का उल्लंघन न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित करता है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी जोखिम उत्पन्न करता है। इसी कारण भविष्य में भी निरीक्षण अभियान जारी रखते हुए नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री का हुआ किया स्वागत



**स्लीमनाबाद।** उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद डीपी यादव का देवगांव पहुंचने पर मुकेश यादव के नेतृव्य में यादव समाज के लोगों ने बैंड बाजो व आतिशबाजी के बीच गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। डीपी यादव एक समय उत्तरप्रदेश के कददावार नेता माने जाते थे। डी पी यादव दमोह मै आयोजित न्याय रैली मै शामिल होने जा रहे थे जहाँ देवगांव में उनका भव्य स्वागत यादव समाज के द्वारा किया गया। डीपी यादव ने मुकेश यादव सहित समाज जनों को बधाई दी ओर कहा कि समाज की एकजुटता बहुत जरूरी है। यादव समाज से भी लोग आगे आकर राजनीति में सक्रिय हो। समाज के उत्थान व विकास के लिए सदैव सहयोग किया जायेगा। इस दौरान संतोष यादव, रामसुजान यादव, शैलेंद्र पटेल, शिवकुमार यादव, सुनील कुशवाहा, कपिल विश्वकर्मा, गुलजारी यादव सहित अन्य जन मौजूद रहे।

## धारकुंडी में धर्मांतरण सिंडिकेट का भंडाफोड़ः विवादित निर्माण सीज और तीन गिरफ्तार

सतना।

**जिले के धारकुंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत झखौरा गांव में पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धर्मांतरण के एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी लालमन चौधरी उर्फ अब्दुल रहमान सहित उसके बेटे और एक अन्य रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। साथ ही,विवादित स्थल पर बनाए जा रहे एक गुंबदनुमा निर्माण को सीज कर उसे ग्राम पंचायत की निगरानी में सौंप दिया गया है।**

### धर्मांतरण और मुंबई कनेक्शनः

पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि 68 वर्षीय लालमन चौधरी ने करीब 15 साल पहले ही अपना धर्म परिवर्तन कर लिया था। इसके बाद उसने सुनियोजित तरीके से अपने बेटे विजय भारती (मोहम्मद उमर) और भतीजे दीनानाथ (अब्दुल्ला) का भी धर्मांतरण कराया। ये लोग गांव में छिपकर धार्मिक गतिविधियां संचालित कर रहे थे और अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे थे। पुलिस को इस मामले में 'मुंबई कनेक्शन' के सुराग मिले हैं,जिसकी जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।



### प्रशासनिक कार्रवाई

विवाद तब भड़का जब आरोपी ने अपने घर पर एक मस्जिद जैसा गुंबद बनाना शुरू किया,जिसका ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया। मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्माणाधीन भवन को सीज करने के आदेश दिए हैं। आरोपियों के पास से आपत्तिजनक धार्मिक साहित्य,झंडे,बैनर और मोबाइल बरामद हुए हैं,जिनमें कई संदिग्ध संदेश मिले हैं।पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नेटवर्क को फंडिंग कहां से मिल रही थी और इनके निशाने पर और कौन-कौन से ग्रामीण थे।

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर आक्रोश

**मैहर।** मैहर नगरपालिका के अंतर्गत वार्ड नंबर 8 (टावर के पास) में बन रही सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि नगरपालिका स्वयं संरक्षण देकर ठेकेदार से गुणवत्ताहीन कार्य करवा रही है।



### मामले के मुख्य बिंदु

नियमों के अनुसार सड़क निर्माण में 40 mm और 20 mm की गिट्टी का उपयोग होना चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा महज 12 mm की गिट्टी से सड़क बनाई जा रही है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि निर्माण के 24 घंटे बीतने से पहले ही इसमें जगह-जगह दरारें (चिटकन) आने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद कार्य नहीं रोका गया। ऐसा प्रतीत होता है कि कमीशनखोरी के चलते घटिया निर्माण को अनदेखा किया जा रहा है। भ्रष्टाचार की पोल खुलती देख ठेकेदार द्वारा आनन-फानन में नई सड़क पर 'ठेगेरी' (लीपापोती) और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस विषय पर नगर पालिका के वरिष्ठ टेक्निकल इंजीनियर वनस्पति पांडेय ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कार्य घटिया पाया गया,तो ठेकेदार पर ऐसी सख्त कार्यवाही की जाएगी कि वह दोबारा ऐसा करने से पहले सोचेगा। अब देखना यह है कि क्या वास्तव में कार्यवाही होती है या भुगतान के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पीएचडी दीक्षारंभः गुणवत्तापूर्ण शोध ही समाज के काम आता है

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नए शोधार्थियों को शोध की बारीकियों और अकादमिक अनुशासन से परिचित कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.आलोक चौबे ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो.आलोक चौबे ने शोध की सामाजिक उपयोगिता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शोध केवल उपाधि प्राप्त करने का माध्यम नहीं है,बल्कि यह समाज की समस्याओं का समाधान खोजने की एक प्रक्रिया है। उन्होंने शोधार्थियों का आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के मानकों का कड़ाई से पालन करें और मौलिक शोध पर ध्यान दें। प्रो.चौबे ने जोर देकर कहा कि व्यवस्थित रिसर्च और नियमित अध्ययन ही एक शोधार्थी को सफल बनाते हैं। शोध निदेशालय के निदेशक प्रो. सुधाकर मिश्रा ने आगामी कोर्स वर्क की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि शोधार्थियों को रिसर्च मैथोडोलॉजी,कंप्यूटर एप्लीकेशन ,और रिसर्च पब्लिकेशन एंड एथिक्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों का गहन अध्ययन कराया जाएगा। उन्होंने कक्षाओं में अनिवार्य उपस्थिति और समय-सारणी के पालन के निर्देश दिए। कार्यक्रम में कुल सचिव प्रो.आर.सी. त्रिपाठी सहित विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ और अतिथियों का स्वागत शाल व श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित रहे।



## नागौद पुलिस की त्वरित कार्रवाईः बलात्कार का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**सतना।** जिले के थाना नागौद के अंतर्गत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक और उप महानिरीक्षक (रीवा जोन) के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सतना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में की गई।




### घटना का विवरण

मामले की शुरुआत 4 जनवरी को हुई,जब एक पीड़िता ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार, वह पिछले तीन वर्षों से इंस्टाग्राम के माध्यम से सेमरा खुर्द निवासी अर्जुन सिंह राजपूत के संपर्क में थी। दोस्ती बढ़ने पर वे फोन पर भी बात करने लगे। पीड़िता ने बताया कि वह अपने मामा के घर ग्राम रेरुआ आई हुई थी। 1 जनवरी को उसने आरोपी को सूचित किया कि वह खैरुआ मंदिर जाएगी। 2 जनवरी को जब वह बस स्टैंड पहुंची,तो आरोपी अर्जुन सिंह अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां आया और उसे बहला-फुसलाकर बल्लाधार पुल के नीचे ले गया। वहां उसने पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस की कार्रवाई

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने दबिश देकर आरोपी अर्जुन सिंह राजपूत 23 वर्ष को दस्तयाब किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त प्लैटिना मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस त्वरित कार्रवाई में उनिरी सत्यकीर्ति सिंह, सउनिरी मुकेश सिंह और आरक्षक शैलेंद्र व सुरेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 84 आवेदकों की समस्यायें

सतना

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 84 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद,राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली,पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया।






### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 53 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 53 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्व.कैप्टन प्रताप सिंह फुटबॉल टूर्नामिंट का भव्य आगाज

मैहर।

अमरपाटन खेल अनुशासन और भाईचारे का संदेश देते हैं। इसी भावना के साथ अखिल भारतीय स्व.कैप्टन प्रताप सिंह स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज अमरपाटन में गरिमामय माहौल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई रहे,जबकि कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेंद्र सिंह के संरक्षण में आयोजित किया गया।



### प्रमुख आकर्षण और संबोधन

धर्मेश घई ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि स्व.कैप्टन प्रताप सिंह जैसे व्यक्तित्व की स्मृति में खेल आयोजन करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्य अतिथि ने जोर दिया कि इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे और कुरीतियों से दूर कर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाते हैं। मैदान पर खिलाड़ियों की परेड और दर्शकों के उत्साह ने उद्घाटन समारोह को यादगार बना दिया। आयोजन समिति के अनुसार,इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा ले रही हैं,जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच मिलेगा।

## एएसपी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**मैहर।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार की तरह आज भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर ने दूर-दराज से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। सुनवाई के दौरान डॉ.नागर ने प्राप्त सभी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित थानाप्रभारियों और जांच अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।



## सडक सुरक्षा समिति एवं नवीन बस स्टैण्ड संचालन संबंधी बैठक 8 जनवरी को

**सतना।** जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति एवं नवीन बस स्टैण्ड संचालन संबंधी बैठक 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह एवं भारत पर्व की तैयारी संबंधी बैठक 12 जनवरी को

सतना। गणतंत्र दिवस समारोह एवं भारत पर्व मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में बैठक 12 जनवरी को टीएल बैठक के पहले कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य संपन्न, नए नाम जोड़ने पर दिया जोर



मैहर

विधानसभा क्षेत्र मैहर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण और सुधार का कार्य तेजी से जारी है। इसी कड़ी में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम गोदिन,पटेहरा,बरा खुर्द और जोबा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान SIR के तहत फार्म क्रमांक 6, 7 और 8 का वितरण किया गया। विधायक ने विशेष रूप से क्षेत्र के नवयुवकों और नए पात्र बच्चों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की प्रक्रिया पूर्ण करवाई,ताकि आगामी चुनावों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महा मंत्री शिवदयाल प्रजापति,पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि शंकर द्विवेदी,रामजी सिंगरहा,संबंधित क्षेत्रों के बीएलओ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## उचेहरा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 2 लापता नाबालिग बालिकाओं को खोज निकाला

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और गुम शुदा बच्चों की तलाश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उचेहरा थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए अलग-अलग मामलों में लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को मात्र 24 घंटे के अंदर बरामद कर सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी (नागौद) रघु केशरी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उचेहरा व उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई की।

### रेलवे स्टेशन से बरामद हुई बालिका

उचेहरा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को 04 जनवरी की सुबह कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 05/26, धारा 137(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और बालिका को सतना रेलवे स्टेशन से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।

### ग्राम इचौल से दूसरी बालिका दस्तयाब

दूसरे मामले में फरियादी चंद्रभान कोल निवासी इचौल ने अपनी नाबालिग पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना उचेहरा में अपराध क्रमांक 06/26, धारा 137(2) कायम कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र सक्रिय किया और बालिका को ग्राम इचौल से ही बरामद कर लिया। दोनों ही मामलों में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालिकाओं को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है,जिससे परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई है।इस त्वरित और सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उचेहरा और उनकी पूरी पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## इंदौर जैसे न बने जिले में हालात, जांच के लिए 17 पानी के सैंपल भेजे लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी सीमान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश के बाद सक्रिय नगर निगम अमले ने सोमवार 5 जनवरी को विभिन्न जल स्त्रोतों के निरीक्षण , सैंपलिंग एवं जांच की कार्यवाही की।। इसके तहत विभिन्न वार्डो में पेयजल गुणवत्ता से संबंधित मैदानी सर्वेक्षण भी किया जाकर पेयजल के सैंपल संकलित किए गए।

सर्वेक्षण के दौरान जल आपूर्ति बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए पानी की स्वच्छता एवं उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया गया। जांच में पाया गया कि क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थिति गुणवत्तापूर्ण पाई गई। पाइपलाइन के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति, नलों से साफ एवं स्वच्छ सुगम जल आपूर्ति। की जा रही है। नगर निगम कर्मियों द्वारा सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया गया। पुरुषों एवं बुजुर्ग नागरिकों से चर्चा में नागरिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है, पानी पीने योग्य है तथा पानी से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं है। नागरिकों ने यह भी बताया कि वे नियमित रूप से इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान में पानी से संबंधित कोई शिकायत या समस्या सामने नहीं आई है और जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

इस कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सोमवार को सर्वेक्षण के दौरान बाबा नारायण शाह वार्ड, काली माता मंदिर, माधवनगर रॉबर्ट लाईन, संत कंवरराम वार्ड टंकी नंबर 4, झिंझरी स्थित बिलहरी मोड नई पानी की टंकी, अल्फर्ट गंज मोहन टॉकीज रोड, कोतवाली थाना सिटी सप्लाई, जगमोहनदास वार्ड स्थित जंगल दफ्तर पानी की टंकी, सुधार न्यास कॉलोनी, महात्मा गांधी वार्ड कनकने स्कूल टंकी सप्लाई हेतु हरिजन बस्ती, निषाद स्कूल टंकी सप्लाई हेतु केवट कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी टंकी, हाउसिंग बोर्ड टंकी, अमीरगंज स्थित नई टंकी, डनहिल टैंक सप्लाई हेतु बरगवां बंधवा टोला, सहित अन्य स्थलों से पानी के सैंपल लिये जाकर जांच हेतु लैब भेजे गए। वहीं मदन मोहन चौबे वार्ड में खराब पानी की सप्लाई की शिकायत पर वार्ड से सैंपल लिया जाकर टेस्टिंग हेतु लैब भेजने की कार्यवाही की गई। वहीं सुचारू पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर सुधार न्यास कॉलोनी के संपवेल की सफाई का कार्य कराया गया।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक कल

**पन्ना।** आगामी 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन के लिए गुरूवार, 8 जनवरी को आवश्यक तैयारियों एवं रूपरेखा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से होगी। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण पन्ना जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी एवं 11 नवम्बर को दीपावली के भाईदूज पर्व पर स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### कोहनी व गहादरा पहुंची जेके कंपनी की सीएसआर टीम



**आदिवासी महिलाओं को किया कंबल व खाद्य सामग्री का वितरण**

**अमान गज पन्ना** जंगल में जलस्रोत का किया भ्रमण, पाषाणकालीन चित्रकला का किया अवलोकनपन्ना , जेके कंपनी की सीएसआर टीम ने मंगलवार को दोपहर 12:00 से 1:00 के बीच कोहनी एवं गहादरा ग्राम पहुंचकर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इस दौरान टीम द्वारा आदिवासी महिलाओं को ठंड से बचाव हेतु गर्म कंबल, साथ ही शुद्ध घी एवं महुआ से निर्मित लड्डू वितरित किए गए।वितरण कार्यक्रम के पश्चात सीएसआर टीम जंगल क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत के पास पहुंची, जहां उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने पाषाण कालीन समय की प्राचीन चित्रकला का अवलोकन भी किया और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण पर चर्चा की।सीएसआर टीम के सदस्यों ने बताया कि जरूरतमंद वर्गों की सहायता के साथ-साथ प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर भी कंपनी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणजन एवं टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### चना की भाजी खाना महिला को पड़ा भारी



**अमानगंज।** पवई विधानसभा क्षेत्र के देवरा पुरवा गांव में चना की भाजी खाने के बाद एक 20 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में परिजन महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला की पहचान ज्योति पति अमन लोधी, पिता गजेंद्र सिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी देवरा पुरवा के रूप में हुई है। भाजी खाने के कुछ समय बाद महिला को तेज पेट दर्द एवं उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

## जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार की पहल पर अंततः

# एनएच-39 डायमण्ड चौक से लेकर मोहन निवास चौराहे तक बनी सड़क

आवागमन को लेकर जहां एनएच-39 डायमण्ड चौक से लेकर मोहन निवास चौराहे की ओर जाने वाली सड़क जिसकी हालात गद्ढ़ों मं तब्दील हो चुके थे। कलेक्टर पन्ना से जहां मोबाईल पर ही हरिभूमि ने समस्या के समाधान को लेकर खबर प्रकाषित की वहीं परिणाम आज सड़क निर्माण को लेकर जो सुधार कार्य जरूरी था हुआ। कलेक्टर की पहल पर बनी सड़क।





**पन्ना**

संवेदनषीलता व तत्परता पूर्वक कार्यवाही को लेकर कलेक्टर पन्ना श्रीमती ऊषा परमार की कार्यप्रणाली जो सड़क पर ही नजर आ गई। जिस तरह से जिला मुख्यालय की मुख्य सड़क एनएच-39 जो डायमण्ड चौक से लेकर मोहन निवास चौराहे तक जर्जर हालात में हो चुकी थी। वहीं सड़क में रोषनी को लेकर आधुनिक लाईटिंग जे.के. सीमेन्ट पन्ना के द्वारा की गई। पर सड़क गड्ढ़ों में तब्दील थी। सड़क आवागमन में दुघर्टनाओं को अंजाम देने को लेकर मानी जा रही थी इस सड़क के हालात को ध्यान में रखते हुए सड़क में सुधार कार्य की आवष्यकता को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाषित की। वहीं कलेक्टर पन्ना से मोबाईल पर ही इस सड़क के सुधार कार्य को लेकर खबर में ही संज्ञान में लाते हुए समस्या के समाधान को लेकर खबर प्रकाषित की गई। वहीं सड़क का निर्माण कार्य डामरीकरण कराया गया जो वर्तमान समय में सड़क में अभी भी जारी है। तथा आवगमन का यह मुख्य मार्ग सुचार रूप से सुविधाजनक माना जा रहा है। वहीं यह सड़क नगर की मुख्य सड़क के साथ-साथ सुंदरता को लेकर भी जहां रात्रि के समय अलग ही नजर आती है। क्योंकि सड़क में बेहतर लाईटिंग आधुनिक तरीके से तो स्वयं ही इस सड़क को साबित करने के लिए पटल पर है। साथ ही कलेक्टर पन्ना की पहल पर बेहतर तरीके से डामरीकरण सड़क का कराया गया। यहां जो कहा गया वह पटल पर जमीनीतौर पर कार्य भी देखने में नजर आया। इससे साफतौर पर जाहिर होता है कि जनहित को लेकर संवेदनषीलता पूर्वक कार्यप्रणाली कलेक्टर पन्ना की नजर आई। समस्या के समाधान को लेकर जो कहा गया उसका हुआ समाधान। सभी के लिए आवागमन को लेकर सुन्दर सड़क बनी। वहीं सड़क से ही विकास की दिषा नगर की अलग ही नजर आती है जो इस सड़क से साफतौर पर नजर आ रहा है। नगर की मुख्य सड़क सुन्दर दिखने लगी वहीं आवागमन को लेकर भी अब यह सड़क सुविधाजनक बनी। तथा नगर की सुन्दरता मुख्य सड़क जो पन्ना से छतरपुर की ओर जो जाती है पन्ना नगर में नगर के सौंदर्य को लेकर इस सड़क से ही सहज ही जाना जा सकता है। यह विकास बदलाव को लेकर भी माना जा रहा है। वहीं कलेक्टर की सोच व तत्परतापूर्वक कार्यवाही का परिणाम भी है। जो सड़क गड्ढ़ों में तब्दील थी कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार ने इस सड़क को सुविधाजनक आवागमन को लेकर ध्यान में रखते हुए जो सुधार कार्य करवाया निष्चितौर पर आमजनता इसके लिए कहीं न कहीं आभार के तौर पर भी मान रही है। जो सड़क कहीं न कहीं दुःखदायी थी।

# प्रेम प्रतीक पैलेस में सेन समाज का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**गुन्नौर।** सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों को राजनीतिक सत्ता में उचित हिस्सेदारी के उद्देश्य में प्रेम प्रतीक पैलेस में वंचित वर्गों को उनकी जनसंख्या अनुपात के अनुसार सत्ता में भागीदारी दिलाना पार्टी नहीं है अभी अपेक्षा व्यक्ति की है आगामी सत्ता में जिले में और विधानसभा क्षेत्र में समितियां गठन कर उनकी सूची पार्टी मुख्यालय को भेजी जाएगी। जिसमें हरि नारायण सेन बोले की शासन प्रशासन की जो योजनाएं हैं अपने अधिकार को सेन समाज तक ले जायेगे पीएम आवास योजना को भी दिलवाने का प्रयास करेंगे मुख्य अतिथि बोले कि सेन सामूहिक विवाह सम्मेलन सेन समाज के लिए विधानसभा में रखना चाहेंगे हम समाज को सत्ता और राजनीतिक के निर्देशित दिए। जिसने राम केश सेन प्रदेश अध्यक्ष जन सेवा दल प्रमोद सेन जिला अध्यक्ष सेन समाज विकास संकल्प पन्ना अजीत सेन जिला संगठन सचिव चतुरोज सेन जिला उपाध्यक्ष अरविंद्र सेन रामप्रसाद सेन प्रदेश संगठन सचिव आशीष सेन हरि नारायण सेन राजा भैया सेन अनिल सेन गोरेलाल राजू सेन झल्लू सेन घनश्याम छत्रपाल सेन शिवम्‌ सेन समस्त सेन समाज उपस्थिति रहे।

# पन्ना में पीडब्ल्यूडी की घोर लापरवाही!

## टिकुरिया-सिद्धपुर मार्ग 2 साल से अधूरा पड़ा मिनी पुल, नयागांव से पंचमपुर सड़क मार्ग भी अधूरा, ग्रामीणों का जीना मुहाल, ग्रामीणों में आक्रोश



**अजयगढ।** जनपद पंचायत अजयगढ़ के क्षेत्र धरमपुर में लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) की बड़ी अनदेखी सामने आई है। टिकुरिया से सिद्धपुर पहुंच मार्ग पर बना मिनी पुल पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि वर्ष 2023 में ही अनुपातहीन और घटिया सड़क निर्माण किया गया था। इस लापरवाही के चलते गांव के बच्चों, बुजुर्गों और ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही ग्राम पंचायत नयागांव अंतर्गत नयागांव से पंचमपुर सड़क निर्माण भी कई वर्षों से मिट्टी गिट्टी ताकि सीमित रह गया है भूल पुलिया भी अधूरी एवं घटिया बनाई गई है इससे ग्रामीणों में आक्रोश प्राप्त हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामबहोरी लोधी ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर पुल का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में या पानी भरने पर बच्चों को स्कूल जाने के लिए 12 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर हरदी पहुंचना पड़ता है। कीचड़ और पानी से भरी सड़कें आवागमन को और जोखिम भरा बना रही हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रामबहोरी लोधी, उद्रेशी लोधी, तौहीद आलम, कामता बगैरह सहित काफी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्य पूरा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यह मामला एक बार फिर सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार, लापरवाही और विकास कार्यों की खानापूर्ति पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। गांव के उद्रेशी लोधी ने बताया कि उक्त ज्ञापन 29 दिसम्बर को दिया गया था ।

# गुनौर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई



**अमानगंज।** अमानगंज विधायक कार्यालय में गुनौर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा के निवास पर हुई जिसमें शामिल हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदेवे, और भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, विधायक गुनौर डॉ राजेश वर्मा सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलकर बैठक का शुभारंभ हुआ ।

बैठक में सबसे पहले भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित हुआ किया उसके बाद गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा हमारी भाजपा सरकार पूरे मध्य प्रदेश की हर विधानसभा में विकास कार्यों का इतिहास रच रही है हमारे कार्यकर्ताओं को मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर घर तक ले जाकर योजनाओं के बारे में बताना चाहिए उसके बाद सागर संभाग के प्रभारी प्रदेश महामंत्री गौरव रणदेवे ने गुनौर विधानसभा के सभी अपेक्षित पदाधिकारी की उपस्थिति ली और मंडल अध्यक्षों से बातचीत की जिसमें अमानगंज मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी ने भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदेवे के द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब दिया और संगठन के बारे में बतलाया जिस पर सागर संभाग के प्रभारी ने अमानगंज मंडल अध्यक्ष की तारीफ भी की, कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया, आशीष तिवारी, बृजेंद्र खम्परिया, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मंडल पदाधिकारी गण समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा बढ़ते साइबर फ्रॉड पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय बैठक आयोजित

बैठक मुक्य उद्धेश्य म्यूल खातों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, साइबर ठगी का शिकार हुए नागरिकों को त्वरित सहायता एवं साइबर सेल व बैंकों के बीच एक प्रभावी एवं त्वरित कार्यवाही चौनल विकसित करना रहा।



**पन्ना**

बढ़ते साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आज दिनांक 06.01.2026 को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में पन्ना शहर के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य साइबर ठगी का शिकार हुए नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करना तथा साइबर सेल एवं बैंकों के बीच एक प्रभावी एवं त्वरित कार्यवाही चौनल विकसित करना रहा, जिससे फरियादियों को अधिकतम राहत समय पर उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में विशेष रूप से वर्तमान समय में तेजी से सामने आ रहे म्यूल (डनसम) खातों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। म्यूल खाता वह बैंक खाता होता है, जिसे कोई व्यक्ति अपने नाम पर किसी दूसरे व्यक्ति के लालच, झांसे अथवा कमीशन के बदले खुलवाता है, और जिसका उपयोग साइबर ठगों द्वारा अवैध रूप से प्राप्त धनराशि को जमा करने, निकालने अथवा इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है। ऐसे खाते साइबर अपराध की रीढ़ माने जाते हैं, जिन्हें रोकना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि नए खाते खोलते समय केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण सजगता, गंभीरता एवं सत्यापन के साथ अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। यदि खाता खोलते समय या संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि प्रतीत होती है, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना अथवा जिला साइबर सेल पन्ना को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके और साइबर ठगी की राशि को फ्रीज कर रिकवरी सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, ऐसे संदिग्ध एवं म्यूल खातों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जिला साइबर सेल पन्ना के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करने, सूचना साझा करने एवं संयुक्त कार्यवाही करने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे साइबर अपराधियों पर शीघ्र अंकुश लगाया जा सके।

**बैठक के माध्यम से पन्ना पुलिस द्वारा आम जनता से भी अपील की गई कि-**

**1 किसी भी प्रकार के लालच, कमीशन, आसान पैसे या नौकरी के बहाने अपना बैंक खाता किसी के कहने पर न खुलवाएं।**

**2 अपने बैंक खाता संबंधी दस्तावेज, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, ओटीपी या मोबाइल नंबर किसी को भी न दें।**

**3 अज्ञात व्यक्तियों के कहने पर अपने खाते में धनराशि प्राप्त कर उसे आगे ट्रांसफर न करें, अन्यथा आप भी साइबर अपराध में आरोपी बनाए जा सकते हैं।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराध की रोकथाम में पुलिस, बैंक एवं आम नागरिककृतीनों की साझा जिम्मेदारी है, तथा बेहतर समन्वय एवं जन-जागरूकता से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय संभव है। उक्त बैठक में जिला साइबर सेल पन्ना के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित पन्ना शहर के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के महामंत्री गौरव रणदिवे ने जिले की तीनों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**भाजपा सभी को साथ लेकर चलती है, इसीलिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी**

**भारत को और सशक्त बनाने में अपने बूथ को और मजबूत बनाएं /गौरव रणदिवे**



पन्ना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के महामंत्री एवं सागर संभाग के प्रभारी गौरवरणदिवे ने संगठनात्मक विषयों को लेकर पन्ना जिले की तीनों विधानसभाओं की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री रणदिवे ने अपने संबोधन में एस आई आर और अन्य संगठन विषयों पर प्रकाश डाला। श्री रणदिवे ने कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की, कि कम से कम सप्ताह में एक दिन अपने प्रवास तय करें ताकि संगठन को और अधिक गति मिल सके। श्री रणदिवे नेकहा कि जब कार्यों की स्वयं समीक्षा करते हैं तो वास्तविकता का पता चलता है समीक्षा करने से अभी पता चलता है की जो सोचा था वह हुआ कि नहीं हर व्यक्ति को अपने कार्यों की स्वयं समीक्षा करनी चाहिए। समीक्षा व खुद का अवलोकन से कार्य को आगे और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है कार्यकर्ता आधारित संस्कृति है भाजपा और विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित किया है बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा विधायक राजेश वर्मा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह और मंडलों के मंडल अध्यक्ष और अपेक्षित की श्रेणी की कार्यकर्ता शामिल थे।

# धरमपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले 2 आरोपियों पर की गई वैधानिक कार्यवाही

**आरोपियों के कब्जे से 9 नग भैस/पड़ा कीमती करीब 3 लाख रूपये के बरामद कर अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक पिकप वाहन कीमती करीब 7 लाख रूपये का किया गया जप्त**



**पन्ना**

पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से पशुओं/गौवंश का परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना धरमपुर में 02 आरोपियों के विरूद्ध अवैध रूप से पशु परिवहन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले मे दिनांक 06.01.26 को थाना प्रभारी धरमपुर को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कुछ लोग एक बिना नम्बर के पिकप वाहन में कुछ व्यक्ति पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहे है। थाना प्रभारी धरमपुर द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना धरमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर आज दिनांक 06/01/26 को पुलिस टीम मुखबिर के बताये अनुसार कालिंजर नरेनी आमरोड कठगांव मिश्रा ढावा के सामने रोड पर आने जाने वाले वाहनों को रोक रोककर चैक किया गया जो इसी दौरान एक बिना नम्बर की पिकप वाहन को चैक करने पर वाहन में चालक के अलावा बगल की सीट पर एक व्यक्ति बैठा था और वाहन में कुल 09 नग जिसमें 02 बड़े व 07 छोटे भैस प्रजाति के पड़ा जिनके पैर रस्सी से बंधे क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूस कर भरे पाये जाने पर पुलिस टीम द्वारा उक्त पिकप वाहन में सवार दोनो व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुये सभी के नाम पता पूँछे गये। पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक उक्त ट्रक में ठूँस-ठूँस कर भरे भैंस/पड़ा को सुरक्षित उतरवाकर परिवहन में प्रयुक्त पिकप वाहन को जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा मामले में उक्त दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना धरमपुर में पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत्त अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

### नाम पता आरोपी -

1. सुभाष अहिरवार पिता श्यामालाल अहिरवार उम्र 45 साल निवासी आँगासी रोड जमुनियापुरवा थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र।
2. मुकीम खां पिता मुबीन खां उम्र 32 साल निवासी शिवाजी चौराहा बबेरू थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र.।

### जप्त मशरूका -

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नम्बर का पिकप वाहन कीमती करीब 07 लाख रूपये एवं अवैध रूप से परिवहन कर ले जाये जा रहे कुल 09 नग पड़ा कीमती करीब 03 लाख रूपये को बरामद किया गया।

### सराहनीय योगदान -

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि कमल सिंह चंदेल, प्र.आ. राधेश पटेल, राजेन्द्र तिवारी, आर. कमलेश, अजीत, लखन, गिरधारी, महिला आर. सविता का सराहनीय योगदान रहा है।

## राजा दहार मंदिर में चोरी के 11 दिन बाद भी अंधेरे में जांच

# भगवान के आभूषण और 2 लाख के लगभग नकद ले गए थे चोर, पुलिस व मंदिर समिति की चुप्पी पर सवाल

**पन्ना। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर स्थित क्षेत्र के आस्था केंद्र सिद्ध स्थल राजा दहार हनुमान मंदिर में हुई बड़ी चोरी को 11 दिन बीत चुके हैं, लेकिन देवेंद्रनगर पुलिस अब तक एक भी ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है। भगवान के गर्भगृह का ताला तोड़कर चोर दान पेटी में रखे लगभग 2 लाख रुपए नकद और करीब 2 किलो से अधिक सोने-चांदी के कीमती आभूषण ले उड़े,थे परंतु जांच आज भी अंधेरे में भटकती नजर आ रही है।**





घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने जांच के दावे तो किए, लेकिन न किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई, न ही चोरी गया माल बरामद किया जा सका। इससे श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस मंदिर की आस्था पर सीधा हमला हुआ, वही मंदिर समिति अब तक खामोश बनी हुई है। न कोई सार्वजनिक बयान, न कोई आंदोलन, न ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस पहलकृमंदिर समिति की यह चुप्पी अब संदेह के घेरे में आ गई है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल में इस तरह की वारदात सुरक्षा व्यवस्था की घोर विफलता को उजागर करती है। लोगों का साफ कहना है कि जब भगवान का घर सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा कैसे मानी जाए? घटना ने न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि देवेंद्रनगर पुलिस की सक्रियता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। 11 दिन बीत जाने के बाद भी खाली हाथ पुलिस यह सोचने पर मजबूर करती है कि कहीं यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबा तो नहीं दिया जाएगा। अब पूरे क्षेत्र की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पुलिस इस सनसनीखेज चोरी का खुलासा कर पाएगी, या फिर आस्था पर हुआ यह हमला यूं ही भुला दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सान्वी गर्ग और राधे मिश्रा बने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित निशानेबाज

**छतरपुर**। इन्फिनिटी शूटिंग अकादमी, छतरपुर के होनहार निशानेबाज सान्वी गर्ग एवं राधे मिश्रा ने भोपाल में 12 दिसंबर 2025 से 02 जनवरी 2026 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ दोनों ने मध्य प्रदेश राज्य से राष्ट्रीय क्वालिफाइड शूटर बनकर प्रतिष्ठित का दर्जा प्राप्त किया है। दोनों खिलाड़ी 10 मीटर सब-यूथ एयर राइफल वर्ग में अपनी उत्कृष्ट निशानेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वहीं, सान्वी गर्ग ने उच्च प्रदर्शन स्कोर हासिल करते हुए आगामी हफ्तों में पुणे में होने वाले भारतीय टीम चयन ट्रायल 1 एवं 2 में भी अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इन दोनों निशानेबाजों की इस शानदार सफलता का पूरा श्रेय इन्फिनिटी शूटिंग अकादमी, छतरपुर के संस्थापक एवं मुख्य प्रशिक्षक श्री प्रिंस शुक्ला सर तथा हाई परफॉर्मेंस कोच श्री लकी खान सर को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

### डॉ. श्वेता गर्ग को मिलेगा उर्जस्विता सम्मान-2026



**छतरपुर**। कैंसर जागरूकता, प्रारंभिक जांच एवं ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. श्वेता गर्ग का चयन उर्जस्विता सम्मान 2026 के लिए किया गया है। डॉ. श्वेता गर्ग पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में कैंसर जागरूकता, स्क्रीनिंग और प्रारंभिक निदान के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से अब तक 1 लाख से अधिक लोगों की जांच, 5 लाख से अधिक लोगों तक जागरूकता, और 1500 से अधिक जिंदगियों को समय पर उपचार मिल सका है। यह सम्मान समारोह अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान, भोपाल के सहयोग से 7 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 25 महिला विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में पुरस्कार प्रदान करेंगे, जबकि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। इस उपलब्धि पर डॉ. श्वेता गर्ग ने इस अवसर पर कहा यह सम्मान उन सभी महिलाओं और परिवारों के नाम है जिन्होंने समय पर स्वास्थ्य को महत्व दिया। यह मुझे और अधिक समर्पण के साथ समाज सेवा करने की प्रेरणा देता है।

## रिकॉर्ड तोड़ ठंड के बीच नौगांव का तापमापी यंत्र खराब

# छतरपुर में शून्य रही दृश्यता, गढ़ीमलहरा में टकराए ट्रक

छतरपुर



पूरा जिला इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है और आम जनजीवन लगातार अस्त-व्यस्त है। हालात इतने खराब हैं कि सुबह के वक्त सड़कों पर दृश्यता शून्य हो रही है। इतना ही नहीं ठंड का प्रकोप ऐसा है कि मंगलवार को नौगांव का वह तापमापी यंत्री भी खराब हो गया, जिसमें एक दिन पहले सोमवार को 1 डिग्री पारा दर्ज हुआ था। घने कोहरे के कारण जिले में लगातार सड़क हादसे भी हो रहे हैं। रविवार को चंद्रनगर कस्बे में और सोमवार को बकस्वाहा में यात्री बसें कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई थीं, जबकि मंगलवार को गढ़ीमलहरा में कोहरे के ही कारण दो ट्रक आपस में टकरा गए। हालांकि किसी भी हादसे में जनहानि नहीं हुई है। जिले में पड़ रही भीषण ठंड के चलते कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों का दो दिन के लिए अवकाश घोषित किया है।

### नौगांव के तापमान ने छुआ ऐतिहासिक स्तर

जिले के नौगांव में जब तापमान ने 1 डिग्री सेल्सियस के ऐतिहासिक स्तर को छुआ, तो प्रशासन और विभाग के लिए इन आंकड़ों पर यकीन करना मुश्किल हो गया। सालों से मध्य प्रदेश के सबसे ठंडे शहर का खिताब रखने वाले नौगांव की ठंड इस बार विभाग की फाइलों में संदिग्ध मान ली गई है। दरअसल नौगांव में रविवार और सोमवार को पड़ी भीषण ठंड के बाद जब न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, तो सागर स्थित मौसम कार्यालय ने इसे तकनीकी त्रुटि करार देते हुए तापमापी मशीन को ही तलब कर लिया। विभाग का तर्क है कि तापमान में इतनी गिरावट संभव नहीं है, जबकि स्थानीय निवासी दोपहर तक छाए घने कोहरे के बीच इस हाड़ कंपाने वाली ठंड को सीधे तौर पर महसूस कर रहे हैं। सरकारी मशीनरी पर कटाक्ष करते हुए लोगों का कहना है कि अब ठंड केवल उनके अनुभव में बची है, कागजों में नहीं। जब तक मशीन सुधरकर वापस नहीं आती, तब तक नौगांव की रिकॉर्ड तोड़ ठंड का कोई सरकारी गवाह नहीं होगा।

### खजुराहो में 50 मीटर रही दृश्यता, कोहरे के आगोश में समाए विश्व प्रसिद्ध मंदिर

वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी खजुराहो भी मंगलवार को भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में रही। कोहरे की सघनता इतनी अधिक थी कि सड़कों पर दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि खजुराहो में मौसम का मिजाज सोमवार रात से ही बिगडऩा



शुरू हो गया था, रात करीब 9 बजे से ही घने कोहरे ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया। मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थिति यह रही कि सूरज के दर्शन नहीं हुए और चारों ओर धुंध छाई रही। हालांकि भीषण ठंड के बावजूद खजुराहो पहुंचने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सैलानी कोहरे की चादर में लिपटे मंदिरों का दीदार करते रहे। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दो-तीन दिनों तक कोहरे का यही दौर जारी रहेगा और धूप निकलने में देरी होगी।

## भूतपूर्व सैनिक ने भाई पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप




जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार, शीघ्र निराकरण की मांग

**छतरपुर। जिला स्तरीय जनसुनवाई में मंगलवार को एक भूतपूर्व सैनिक ने अपनी व्यथा सुनाते हुए न्याय की अपील की है। देश की सीमाओं पर तैनात रहकर वर्षों तक सेवा करने वाले इस सेवानिवृत्त सैनिक का आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति का अनुचित लाभ उठाते हुए उनके ही सगे भाई ने पैतृक कृषि भूमि का फर्जी तरीके से बंटवारा कर लिया।**

नौगांव जनपद के ग्राम कीरतपुरा निवासी भूतपूर्व सैनिक गौरीशंकर त्रिपाठी ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया कि वह वर्ष 2007 में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से सेवानिवृत्त हुए थे। अपनी सेवा के दौरान वे लंबे समय तक घर से बाहर रहे, जिसका फायदा उठाकर उनके भाई रमेश जो कि स्वयं सचिव के पद पर कार्यरत थे, ने फर्जी प्रस्ताव डालकर पैतृक भूमि का छल-कपट से बंटवारा कर लिया। गौरीशंकर त्रिपाठी ने इस फर्जी बंटवारे को निरस्त कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) छतरपुर के समक्ष मार्च 2025 में अपील दायर की थी, लेकिन यह प्रकरण अब भी लंबित है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि उत्तरवादी पक्ष अधिकारियों से सांठ-गांठ कर निर्णय को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील प्रकरण क्रमांक 0892 का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है ताकि उन्हें न्याय मिल सके और वे अपनी पैतृक संपत्ति वापस पा सकें। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि एक सैनिक की त्याग और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ हुए इस छल का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

# घोटाले पर प्रशासन चुप, किसानों ने मुंह पर बांधी काली पट्टी

## सूखा और अतिवृष्टि राहत राशि के वितरण में हुई करोड़ों की धोखाधड़ी




**छतरपुर**। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में उस वक्त हड़कंप मच गया जब छतरपुर तहसील क्षेत्र के काशीपुरा गांव से दर्जनों किसान मुंह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करने पहुंचे। छतरपुर की कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय के नेतृत्व में आए इन किसानों ने सूखा और अतिवृष्टि राहत राशि के वितरण में हुई करोड़ों की धोखाधड़ी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट मिलिन्द नागदेवे और डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2017-18 में उनके हक का पैसा अधिकारियों और पटवारियों ने मिलीभगत कर अपात्रों के खातों में डाल दिया, जिसकी पुष्टि स्वयं भारत सरकार की सबसे बड़ी ऑडिट संस्था कैग, अपनी रिपोर्ट में कर चुकी है।

इस मामले में कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि इस घोटाले की जांच के लिए कलेक्टर द्वारा 22 सितंबर 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी, जिसे 15 दिनों में रिपोर्ट देनी थी। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी जांच कमेटी के प्रमुख एसएलआर आदित्य सोनकिया का कहना है कि तहसील कार्यालय उन्हें आवश्यक अभिलेख ही उपलब्ध नहीं करा रहा है। दीप्ती पाण्डेय ने आरोप लगाया कि जब उन्हें सूचना के अधिकार के तहत ये दस्तावेज मिल सकते हैं, तो कलेक्टर के आदेश पर जांच कमेटी को दस्तावेज न मिलना सीधे तौर पर तहसील अमले की मिलीभगत और भ्रष्टाचार को दबाने की कोशिश दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि तहसीलदारों ने ही कलेक्टर के आदेशों को मानना बंद कर दिया है, तो आम जनता की सुनवाई कैसे होगी। आपको बता दें कि राहत राशि घोटाले का यह मामला नया नहीं है। वर्ष 2022 में आई कैग की रिपोर्ट ने छतरपुर जिले के राजस्व विभाग में मचे भ्रष्टाचार की कलई खोल दी थी। रिपोर्ट में स्पष्ट प्रमाण दिए गए थे कि पटवारियों और राजस्व अधिकारियों ने किसानों के मुआवजे की राशि अपने रिश्तेदारों और चहेतों के खातों में जमा करा दी थी। इस धोखाधड़ी का शिकार हुए किसान हल्लू अहिरवार ने बताया कि उनके हिस्से के 9 हजार रुपये किसी और के खाते में भेज दिए गए हैं। इसी तरह अशिक्षित किसान घनश्यामदास कुशवाहा के 5 हजार रुपये भी डकार लिए गए हैं। काशीपरु गांव के रामदयाल कुशवाहा, हरप्रसाद और गनेशी बाई जैसे अनेक किसान आज भी अपने हक की राशि के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। कांग्रेस नेत्री दी?प्ती पांडे ने बताया कि धोखाधड़ी का यह जाल केवल एक-दो गांवों तक सीमित नहीं है। छतरपुर तहसील के नंदगॉयखुर्द, खैरों, पापटा, लुंदवास, मानपुरा और बिहारीगंज सहित लगभग 50 से अधिक गांवों के पटवारी हल्कों में इसी तरह फर्जी भुगतान किए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसी तरह के मामलों में प्रदेश के अन्य जिलों में दोषी पटवारियों को बर्खास्त कर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, लेकिन छतरपुर में प्रशासन दोषियों को संरक्षण दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के हस्तक्षेप और राहत शाखा आयुक्त के पत्रों के बावजूद जिला प्रशासन की जांच कछुआ गति से चल रही है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**70 वें अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट :**

# पूल ए के मुकाबले पूर्ण, आज जयपुर और दिल्ली के बीच सेमीफाइनल मुकाबला

नौगांव



**नगर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में आयोजित 70वें मेला महोत्सव के तहत चल रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन पूल ए के मुकाबले पूर्ण हो गए। मंगलवार को पूल ए का आखिरी लीग मैच दिल्ली और जयपुर के मध्य खेला गया, जिसमें जयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को पराजित किया। अब दोनों टीमों के बीच आज सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।**

राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम के टर्फ विकेट पर खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया और जयपुर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जयपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। जयपुर की ओर से अंकित प्रताप ने शानदार 58 रनों की पारी खेली, वहीं अंश ने 41 रन, अर्पित ने 7 रन और कनिष्क दलाल ने 6 रनों का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से गेंदबाजी में सत्यम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि मनीष ने 2 विकेट और पवन ने 1 विकेट हासिल किया। 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम 19.5 ओवर में 121 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिल्ली की ओर से प्रियांशु ने 28 रन, साजन ने 20 रन, शलभ ने 19 रन और सत्यम पांडे ने 14 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। जयपुर की ओर से गेंदबाजी में कनिष्क दलाल ने 3 विकेट, अक्षय सेन ने 2 विकेट, कार्तिक त्यागी ने 2 विकेट और मौसम अब्बास ने 1 विकेट लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए जयपुर के बल्लेबाज अंकित प्रताप को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

मैच के निर्णायक राजू नामदेव और प्रशांत नामदेव रहे। कमेंट्री की जिम्मेदारी सुशील वैध, जयकुमार दुबे, डॉ. मनोज कुशवाहा, ब्रजेश शेरा सोनकिया, जुगल सचान, स्वदेश पाठक, अरशद इकबाल और फैसल खान ने निभाई। वहीं स्कोरर की भूमिका में जावेद आलम, अभिषेक पटेरिया रहे।

# खजुराहो के शिल्पग्राम में रामायण पर आधारित लोक नाट्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**खजुराहो। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खजुराहो के शिल्पग्राम परिसर में दिनांक 6 से 20 जनवरी 2026 के दौरान मध्य प्रदेश मे रामायण-आधारित लोक नाट्य संगीत की लय से लेकर पृष्ठभूमि तकः लोक नृत्य की मंच कला कार्यशाला का आयोजन किया गया है।**



इस कार्यशाला में 30-35 स्थानीय कलाकार सहभागी हो रहे है। कार्यशाला का उद्देश्य रामायण-आधारित लोक एवं जनजातीय प्रदर्शन परंपराओं का विकास एवं प्रस्तुतीकरण है। इसमे प्रतिभागियों को नाट्य रूपांतरण, संगीत, नृत्य और मंचीय प्रस्तुति की बारीकियों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यशाला के उपरांत दिनांक 21 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक जनसामान्य हेतु लोक नाट्य प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएगी। इन प्रस्तुतियों में रामायण-आधारित लोक नाट्य रूपों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमे दर्शकों को पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और नाट्य कला का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। कार्यशाला एवं प्रस्तुतियों का मार्गदर्शन लोकेन्द्र त्रिवेदी (विशेषज्ञ) एवं श्रीमती निशा त्रिवेदी (सहायक) द्वारा किया जाएगा। केन्द्र की निदेशक आस्था कार्लेकर ने बताया कि यह कार्यशाला न केवल कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करेंगी, बल्कि दर्शकों को भारतीय लोक परंपराओं और रामायण की सांस्कृतिक गाथा से जोडऩे का माध्यम बनेगी ये कार्यशाला एवं प्रस्तुतियाँ।

# पीएम आवास में रिश्वत लेने वाले सचिव को विशेष न्यायाधीश ने सुनाई तीन साल की सजा

छतरपुर।

अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 18 मार्च 2019 को आवेदक जगत यादव ने अनावेदक भरत वर्मा सचिव ग्राम पंचायत कदारी जिला छतरपुर के विरूद्ध 05 हजार रू की रिश्वत मांगने संबंधी एक लिखित शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया था कि मेरा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था जिसकी राशि 1,50,000 रू शासन द्वारा स्वीकृत हुई थी मुझे शासन से 1,20,000 रू प्राप्त हुआ था शेष 30,000 रू की राशि मेरे खाते में डालने के एवज में ग्राम सचिव भरत वर्मा मुझसे 5000 रू की रिश्वत की मांग कर रहे थे मै सचिव भरत वर्मा को रिश्वत नही देना चाहता था बल्कि रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो पकडवाना चाहता था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत शिकायत के सत्यापन हेतु इसे एक डिजीटल वॉयस रिकार्डर दिया गया और अनावेदक की रिश्वत माँग संबंधी बातचीत को रिकार्ड करने के लिये निर्देशित किया गया। 18 मार्च 2019 को आवेदक ने सचिव भरत वर्मा से संपर्क कर रिश्वत मांग संबंधी बातचीत को वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड कर लिया बातचीत के दौरान अनावेदक ने आवेदक से 5000 रू की मांग की एवं 1000 रू ले लिये एवं बाकी के 4000 रू लेकर बुलाया। 19 मार्च 2019 को लोकायुक्त ट्रेपदल छतरपुर चौबे तिराहा के पास पहुंचे। आवेदक से आरोपी के मोवाईल नंबर पर संपर्क कराया गया तो आरोपी ने आवेदक से चौबे तिराहे पर पहुचने की बात कही। आवेदक को रिश्वत लेनदेन हेतु आरोपी के पास चौबे नर्सिंग होम रवाना किया गया तथा ट्रेपदल भी अपनी उपस्थिति छुपाते हुये आवेदक के पीछे पीछे नजरी लगाव रखते हुये चौबे नर्सिग होम के आस-पास खडे हो गये। कुछ समय पश्चात सचिव भरत वर्मा आवेदक के पास आया और बातचीत करने लगा। कुछ देर बाद आवेदक ने ट्रेपदल के सदस्यो को रिश्वत लेनदेन हो जाने का निर्धारित इशारा किया। तो समस्त ट्रेपदल आरोपी के पास पहुंच गया और आरोपी को चारो ओर से घेर लिया। आवेदक ने बताया कि उसने रिश्वत राशि 4000 रू अनावेदक भरत वर्मा सचिव को दे दी है जो अनावेदक ने अपनी पहनी हुई फुलपेंट की दाहिनी जेब में रख ली है। आरोपी भरत वर्मा, सचिव के दोनो हाथो की अगुलियो को सोडियम कार्बोनेट के घोल में धुलाने पर घोल का रंग हल्का गुलाबी हो गया। संपूर्ण विवेचना एवं अभियोजन स्वीकृति उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक या एडीपीओ अभिषेक मेहरोत्रा ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश लोकायुक्त/प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव, छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी सचिव भरत वर्मा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।


## एनसीएल निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

# एनसीएल की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर-कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज़

**कोयला उद्योग की 11 कंपनियों से 119 खिलाड़ी कर रहे हैं प्रतिभाग**

**सिंगरौली। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अमलोरी क्षेत्र में मंगलवार को 'कोल इंडिया अंतर-कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट' 2025-26 का भव्य आगाज़ हुआ।** उद्घाटन समारोह में एनसीएल निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने खेलों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास से संबंध पर प्रकाश डालते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।





इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अनुषंगी कंपनियों सहित कुल 11 टीमें भाग ले रही हैं। आगामी 8 जनवरी तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में एसईसीएल, एससीसीएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल, सीएमपीडीआईएल, सीआईएल, एनईसी और मेजबान एनसीएल शामिल हैं। प्रतियोगिता में 119 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें 18 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में कॉर्पोरेट जेसीसी सदस्य, सीएमएस अजय कुमार, महाप्रबंधक अमलोरी क्षेत्र आलोक कुमार, महाप्रबंधक कल्याण राजेश त्रिवेदी, स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के सदस्यगण, अमलोरी क्षेत्र के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट में कुल 06 श्रेणियां, जिनमें पुरुष एकल, पुरुष युगल, महिला एकल, महिला युगल, वेटरन एकल और वेटरन युगल शामिल हैं, में मैचों का आयोजन किया जा रहा है। टीम चैंपियनशिप के लिए टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें पूल-ए में एनसीएल, एमसीएल, सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल हैं तथा पूल-बी में एसईसीएल, सीआईएल, एससीसीएल, सीएमपीडीआईएल, एनईसी, डब्ल्यूसीएल हैं। गौरतलब है कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए इंडोर हॉल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। यह आयोजन कोल इंडिया लिमिटेड एवं एनसीएल की खेल एवं फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है, जो कर्मचारियों में आपसी सद्भाव, ऊर्जा एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देता है।

# एनसीएल ने 'ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरणीय दायित्व के संतुलन' विषय पर किया कार्यशाला का आयोजन

**विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (थर्मल प्लांट व कोल माइनिंग) ने शिरकत कर दिया मार्गदर्शन**

**सिंगरौली।** स्थित अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने "ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरणीय दायित्व के संतुलन" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला की विशेषता यह रही कि इंद्र पाल सिंह मथारू की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एक्सपर्ट अप्रैजल कमेटी- थर्मल प्लांट व कोल माइनिंग) के सदस्यगणों ने प्रतिभाग करते हुए पर्यावरण संतुलन के साथ सतत विकास पर अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में एनसीएल से निदेशक(मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, निदेशक (तकनीकी) सीएमपीडीआईएल राजीव कुमार सिन्हा, एनसीएल की परियोजनाओं के महाप्रबंधकण, विभागाध्यक्ष व अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (थर्मल प्लांट व कोल माइनिंग) के अध्यक्ष इंद्र पाल सिंह मथारू ने बतौर मुख्य अतिथि, कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने भारत की प्रकृति-पूजक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सततता केवल नीति का विषय नहीं, बल्कि समय की अनिवार्यता है। उन्होने जोर दिया कि विकास को नैतिक जिम्मेदारी, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि समाज, स्थानीय समुदाय और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (थर्मल पावर एवं कोल माइनिंग) के सदस्य सचिव श्री सुंदर रामनाथन ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्रों के दौरान समिति के सदस्य डॉ. विनोद अग्रवाल ने टर्म्स ऑफ़ रेफ़रेंस व पर्यावरण स्वीकृति से संबंधित प्रक्रियाओं पर व्याख्यान दिया। डॉ. उमेश जे. कहालेकर ने कोयला परियोजनाओं में सतत विकास की अवधारणा पर अपने विचार साझा किए। वहीं प्रो. एस.एस. सिंह ने खदान पुनर्स्थापन एवं जैव विविधता संरक्षण में पौधारोपण की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. संतोष कुमार हम्पन्नावर ने पर्यावरणीय प्रबंधन एवं अनुपालन से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर संबोधन दिया। कार्यशाला के शुभारंभ में एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुनील प्रसाद सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

खबर संक्षेप

## टंकी के पानी तथा घरों से पानी का सेंपल लें : कलेक्टर

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शहर के कुठुलिया मोहल्ले में स्थापित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया तथा टेस्टग लैब में पानी की गुणवत्ता टेस्ट किये जाने के कार्य की जानकारी ली तथा अपने समझ पानी की गुणवत्ता का टेस्ट कराया। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ और निर्बाध जल आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता है। पानी की टंकियों तथा घरों में सप्लाई होने वाले पानी की टेस्टग करें तथा यदि कहीं भी दूषित या गंदे पानी की शिकायत आये तो तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल वितरण कार्य में संलग्न सीएमआर कंपनी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दें। उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों से अपेक्षा की कि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गंभीरता से करें तथा पानी में किसी भी प्रकार का प्रदूषण न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम बनाकर जल आपूर्ति के समय पानी का परीक्षण करें तथा पाइप लाइन के लीकेज को दुरूस्त करें। इस दौरान बताया गया कि प्रत्येक वार्ड से प्रति दिवस दस घरों से पानी के सेंपल लिये जा रहे हैं साथ ही सभी 24 टंकियों के पानी की भी टेस्टग की जा रही है। कलेक्टर ने प्रति दिवस की जा रही टेस्टग के रिकार्ड संधारण का भी अवलोकन किया तथा टेस्टग कार्य में संलग्न कर्मचारियों को निर्देश दिये कि पूरी गंभीरता से पानी की टेस्टग करें। उन्होंने अमृत 2.0 योजना से निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एस.एन. द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये



रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के विभिन्न विभागों में सहायक वर्ग तीन एवं मृत्य के पदों पर नियुक्त अनुकंपा के आवेदकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये तथा लगन व निष्ठा से शासकीय कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा की। कलेक्टर ने मनीष कुमार मिश्रा निवासी चंदई त्योंथर, सनत कुमार प्रजापति निवासी सथनी रघुनाथगंज, रोहित दुबे निवासी तिवनी चौवियान टोला तिवनी, आदित्य मिश्रा निवासी खुझ रायपुर कुर्चलियान तथा आदित्य प्रकाश गुप्ता निवासी टिम्बर कैंपस डुपलेक्स नं. 6 गुढ़ चौक को अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये।

## कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय



रीवा। पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ अन्य संभागीय अधिकारी तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। डिप्टी कमिश्नर एलएल अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी ने कार्यालय आने के लिए ई रिक्शा का उपयोग किया।

## बायो मेडिकल वेस्ट का सुनियोजित और नियमानुसार प्रबंधन करें सुनिश्चितः उप मुख्यमंत्री

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, चिकित्सा अधोसंरचना के विस्तार से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रीवा, सिंगरौली, ग्वालियर, सागर एवं बुधनी मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, मानव संसाधन की नियुक्ति और शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय गतिविधियों के सुचारु संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बायो मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक एवं सुनियोजित प्रबंधन सुनिश्चित के निर्देश दिए।

# वृद्धा सुनीता मिश्रा को भरण पोषण के तहत सुविधा दिलाने सहित उमरी ग्राम के निवासियों ने रास्ता बहाल किये जाने किया आवेदन

### कलेक्टर ने 87 आवेदकों की सुनी समस्यायें

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई करते हुए 87 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के दिये निर्देश।



रीवा।

मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में मढ़ी निवासी वृद्धा सुनीता मिश्रा के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को भरण पोषण के तहत सुविधा दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने उमरी निवासियों के सतगढ़ तालाब की मेंड को ध्वस्त कर रास्ता बंद करने के आवेदन पर तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करते हुए रास्ता बहाल किये जाने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में मझियार निवासियों ने दुवगांव में स्थित तालाब के स्वरूप को नष्ट करने पर रोक लगाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। पुष्पेन्द्र सेन पड़री के पैतृक भूमि वापस दिलाने, कृष्ण कुमार द्विवेदी जोन्हा के शासकीय भूमि में निर्मित दूकानों से अतिक्रमण हटाने, संतोष कोल निवासी जोरी के आदिवासी बस्ती में अवैध बाउंड्रीबाल निर्माण रोके जाने तथा शिवबालक पाण्डेय जवा के स्वामित्व भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पुरवा निवासी पाण्डेय के नक्शा तरमीम कराने के आवेदन पर तहसीलदार सिरमौर को, गोडहा निवासी दुकौड़ीलाल के स्वंय की भूमि में जबरन बन रहे मकान निर्माण को रोकने के आवेदन पर तहसीलदार सेमरिया को, सिलपरा निवासी मोलई प्रसाद साकेत के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जबकि दयाशंकर जायसवाल अल्हवा खुर्द के मुआवजा दिलाने के आवेदन पर भूअर्जन शाखा प्रभारी को एवं टेकुआ निवासी मोनू शर्मा के अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर प्रभारी अधिकारी स्थापना शाखा को कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को समाधान कारक कार्यवाही के निर्देश दिये।

## अवैध ब्लास्टिंग से त्रस्त ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट

### 24 घंटे मंडराता है जान का खतरा मद्देपुर गांव की महिलाओं ने सुनाई पीड़ा, दबंगों पर धमकी और गैरकानूनी ब्लास्टिंग के आरोप

**रीवा।** रीवा शहर से सटे चोरहटा थाना क्षेत्र के मद्देपुर गांव में पत्थर खदानों में हो रही अवैध ब्लास्टिंग से परेशान ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। गांव की महिलाओं और पुरुषों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रशासन से अवैध ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के पास स्थित पत्थर खदान में नियमों को ताक पर रखकर लगातार विस्फोट किए जा रहे हैं, जिससे गांव में 24 घंटे जान-माल का खतरा बना रहता है। महिलाओं ने बताया कि ब्लास्टिंग इतनी भयावह होती है कि घरों की छतों से पत्थर गिरते हैं और बच्चों व बुजुर्गों को घर के अंदर भी सुरक्षित महसूस नहीं होता। ग्रामीणों के अनुसार, ब्लास्टिंग के चलते गांव की सरकारी इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। गांव की पानी की टंकी में दरारें आ गई हैं, जबकि कई कच्चे मकानों की छतें पत्थरों से छलनी हो चुकी हैं।महिलाओं ने कहा कि धमाकों के डर से घर के बाहर निकलना दूभर हो गया है और हर समय किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने अवैध ब्लास्टिंग का विरोध किया तो खदान संचालकों और गांव के दबंगों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गईं। ऐसे में अब ग्रामीण खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं और प्रशासन से ही न्याय की उम्मीद लगाए हुए हैं। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मद्देपुर गांव के पास हो रही अवैध ब्लास्टिंग को तत्काल बंद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## नवाचार और नए संकल्पों के साथ संभाग के विकास में योगदान दें - कमिश्नर

### समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदन पत्र निराकृत करें

रीवा।



कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि नए वर्ष में सभी अधिकारी पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। शासन की कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। रीवा संभाग तेजी से विकास कर रहा है। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार और नए संकल्पों के साथ संभाग के विकास में योगदान दें। संभाग में प्राकृतिक और जैविक खेती से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। जल संरक्षण भी हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती है। संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम तीन जल स्वावलंबी ग्राम चिन्हित कर 15 जनवरी तक उनके विकास और जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करें। महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा सुपोषण पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कृषि के यंत्रीकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हो गया है। हमें पुनः गौवंश को किसी न किसी रूप में खेती से जोड़ना आवश्यक है। प्राकृतिक और जैविक खेती गौवंश की सुरक्षा तथा हम सबके अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जमीन की उर्वरता, जल संरक्षण और संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर खेती के विकास की योजनाएं बनाई जाएं। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य जाँच के लिए भी आवश्यक प्रबंध करें। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की हर त्रैमास में संयुक्त बैठक आयोजित करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान विभागीय कार्यों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, छात्रावास और अस्पतालों का निरीक्षण करके उनके व्यवस्थाओं के संबंध में प्रतिवेदन दें। कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में रीवा संभाग संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। संभागीय अधिकारी संभाग के सभी जिलों में भी ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें। सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, पीएचई, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। अधिकारी कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम तथा सभी सीएमओ पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। पेयजल स्त्रोत और पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई कराएं। पाइपलाइन की सतत निगरानी करके लीकेज दूर कराएं। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही करें। पेयजल व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारी तैनात कर दें। अधीक्षण यंत्री पीएचई ग्रामीण क्षेत्र के हैण्डपंपों में पानी की गुणवत्ता की जाँच तथा नलजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति की समुचित निगरानी कराएं। मुख्य अभियंता ऊर्जा किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करें। बिजली की आपूर्ति पर सतत निगरानी रखें। खराब ट्रांसफार्मर में तत्काल सुधार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पेंशन प्रकरणों, धान उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण तथा विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन के संबंध में उचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, डिप्टी कमिश्नर एलएल अहिरवार, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम उमरी में अधूरी पुलिया को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन



रीवा।

जिले की तहसील रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम उमरी में वर्षों से अधूरी पड़ी पुलिया अब प्रशासनिक लापरवाही और सिस्टम की उदासीनता का प्रतीक बनती जा रही है। विकास के नाम पर शुरू हुआ यह निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी तथा जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 13 बृजेश कोरी को ग्राम उमरी में अनिश्चितकालीन धरना एवं अनशन शुरू करना पड़ा है। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और जल्द से जल्द पुलिया निर्माण पूरा कराने की मांग कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब एक छोटी-सी पुलिया के लिए वर्षों से लोग संघर्ष करने को मजबूर हों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को सड़क पर बैठना पड़े, तो यह शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।धरना दे रहे जिला पंचायत सदस्यों ने प्रशासन से सीधे सवाल किए हैं कि यह पुलिया आखिर किस योजना के तहत स्वीकृत हुई थी। यदि योजना स्वीकृत थी तो निर्माण कार्य बीच में क्यों रोक दिया गया? क्या बजट की कमी के कारण काम अटका है या फिर भ्रष्टाचार की वजह से कार्य अधूरा छोड़ दिया गया? यदि निर्माण के लिए राशि जारी हो चुकी थी तो आज तक पुलिया पूरी क्यों नहीं हुई, और अगर राशि जारी नहीं हुई थी तो आधा-अधूरा निर्माण कर ग्रामीणों की जान जोखिम में क्यों डाली गई? ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। नाला उफान पर आते ही गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से पूरी तरह कट जाता है। स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए, मरीजों को इलाज के लिए और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भारी परेशानी होती है। किसान अपनी उपज मंडी तक नहीं पहुंचा पाते, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। मजबूरी में लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार करते हैं।



## उपमुख्यमंत्री आज करेंगे खंधो धाम में नवग्रह वाटिका का भूमिपूजन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण

रीवा।

माँ खंधो धाम परिसर में 7 जनवरी बुधवार को दोपहर एक बजे नवग्रह वाटिका का भूमिपूजन और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे। इस दौरान रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा , जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल और अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम की संयोजक जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति की सभापति निर्मला संजीव द्विवेदी पिंटू व ग्राम पंचायत एवं वन समिति बांसा ने सभी क्षेत्रीय जनों से कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने की अपील की है।




## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अन्तर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज

महिला एवं बाल विकास परियोजना हनुमना क्रमांक 2 के तत्वाधान में ग्राम पंचायत हाटा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालिका भ्रूण हत्या बंद करने, बाल विवाह रोकने, बच्चियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना अधिकारी शंखधर त्रिपाठी द्वारा ₹स्वागत लक्ष्मी कार्यक्रम₹ के तहत बेटियों के जन्म पर उत्सव बनाने के लिए प्रेरित किया गया । विकासखंड समन्वयक सर्वेश सिंह गहरवार द्वारा ₹बेटी नारी चौपाल कार्यक्रम₹ के तहत नारी सशक्तीकरण एवं बच्चियों की पढ़ाई के प्रति माता पिता का समर्पित योगदान करने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं किशोरी बालिकाओं ने बघेली लोकगीत गाकर बेटी जन्मोत्सव मनाया। लोगों को शपथ के माध्यम से बाल विवाह रोकथांभ हेतु प्रतिबद्ध किया गया। इस अवसर पर परमानंद गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के साथ ग्राम की गर्भवती महिलाएं,धात्री महिलाएं, किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

## कलेक्टर ने 33 आवेदनों में की सुनवाई

मऊगंज



मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता के 33 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में जमुना प्रसाद साकेत निवासी ग्राम कुलहा ने जमीन के पट्टे के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। तेजा प्रसाद निवासी ग्राम लेडुआ ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। शिवप्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम घुरेहटा ने उनकी जमीन से मिट्टी के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने तथा आरोपी ठेकेदार अरविंद त्रिपाठी से मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को जमीन का सीमांकन कराने तथा भूमि विवाद पर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। दिलीप पटेल निवासी ग्राम जुड़मनिया मुरली ने गांव में पेयजल व्यवस्था के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को आवेदन में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। भीमसेन मिश्रा निवासी ग्राम गोदरी ने खुले घूम रहे गौवंश के व्यवस्थापन के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। इंद्रमणि यादव निवासी ग्राम देवरा ने पूर्व सरपंच अजय बहादुर सिंह द्वारा शासकीय ट्यूबवेल को कब्जे में लेकर सिंचाई के लिए किए जा रहे उपयोग को रोकने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज तथा कार्यपालन यंत्री पीएचई को ट्यूबवेल से अवैध कब्जा हटाने के लिए समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन के सीमांकन, मजदूरी भुगतान, बिजली बिल में सुधार सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।